प्रेषक,

उपनिदेशक / भूवैज्ञानिक,
भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड,
जिला कार्यालय देहरादून।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अनुरक्षण खण्ड,
उत्तराखण्ड जल संस्थान,
देहरादून।

संख्या 462 /भू.नि.आ./देहरादून/2018–19 **दिनांक 23 जनवरी, 2019**

विषय : ऋषिकेश देहात के अन्तर्गत पेयजल योजना हेतु आवेदित भूमि की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय के पत्र संख्या– 97/पेरी अरबन/2018–19, दिनांक 08.01.2019, के क्रम में अवगत कराना है कि आवेदित क्षेत्रों का क्षेत्रीय भूगर्भीय निरीक्षण श्री ए. बी. एस. रावत एस0डी0ओ0, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऋषिकेश की उपस्थिति में किया गया। विभागीय प्रतिनिधि श्री ए. बी. एस. रावत एस0डी0 ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि ऋषिकेश देहात क्षेत्र के अन्तर्गत आवासीय कॉलोनियों के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु नलकूप (ट्यूबवेल) व जलाशय (ओवरहैड व भूमि सतह पर वाटर टैंक) का निर्माण किया जाना है। प्रस्तावित क्षेत्र के विभिन्न नलकूपों (ट्यूबवेल्स) व जलाशय (ओवरहेड व भूमि सतह पर वाटर टैंक्स) के निर्माण हेतु आवेदित क्षेत्रों की निरीक्षण आख्या निम्नवत है :–

1. **ऋषिकेश कक्ष संख्या 3 में टी0एच0डी0सी0 गेट के समीप एक नलकूप तथा एक 300 किलोलीटर क्षमता के ओबर हैड टैंक का निर्माण किये जाने हेतु प्रस्तावित स्थल** – प्रस्तावित भूमि ऋषिकेश क्षेत्रान्तर्गत नटराज चौक (ऋषिकेश) से दक्षिण–पश्चिम दिशा में ऋषिकेश–हरिद्वार बायपास रोड पर लगभग 750 मीटर दूरी पर बायीं ओर टीचडीसी गेट नं0 1 के निकट वन क्षेत्रान्तर्गत स्थित है। प्रस्तावित भूमि टीचडीसी कॉलोनी व बायपास रोड के मध्य लगभग 50 मीटर चौड़ी पट्टिका का वन क्षेत्र है जो कि एक नलकूप (ट्यूबवेल) व एक जलाशय (ओवरहेड टैंक) के निर्माण हेतु वन विभाग द्वारा हस्तातंरित की जानी प्रस्तावित है। प्रस्तावित स्थल के उत्तर में ऋषिकेश–हरिद्वार बायपास रोड, दक्षिण में टीएचडीसी कॉलोनी तथा पूरब व पश्चिम में वन भूमि है। स्थल के उत्तर में बायपास रोड, दक्षिण में टी0एच0डी0सी0 कालोनी, पूरब व पश्चिम में वन क्षेत्र है। प्रस्तावित स्थल 30^0 06′ 37.3″ अक्षांश व 78^0 16′ 50.9″ देशान्तर है। स्थल पर स्वस्थाने चट्टानों का अभाव है। संदर्भित स्थल गंगा नदी द्वारा एकत्रित तलछटों से निर्मित मैदानी भाग है। प्रस्तावित स्थल समतल मैदानी भूभाग है, जहां जल रिसाव व भूस्खलन नहीं पाया गया।
2. **लालपानी कक्ष संख्या 2 मंशादेवी के निकट एक नलकूप तथा एक 500 किलोलीटर क्षमता के ओबर हैड टैंक का निर्माण किये जाने हेतु प्रस्तावित स्थल** – प्रस्तावित भूमि ऋषिकेश–हरिद्वार बायपास मोटर मार्ग पर रेलवे स्टेशन से 3.8 कि0मी0 पश्चात् 1.2 कि0मी0 पश्चिमोत्तर दिशा में मंशादेवी ग्राम के निकट वन क्षेत्रान्तर्गत स्थित है। स्थल के उत्तर, पूरब व पश्चिम में वन भूमि तथा दक्षिण में ग्राम मंशादेवी का आबादी क्षेत्र स्थित है। स्थल की भौगोलिक स्थिति 30^0 05′ 29.6″ अक्षांश व 78^0 15′ 17.7″ देशान्तर है। स्थल पर स्वस्थाने चट्टानों का अभाव है। संदर्भित स्थल गंगा नदी द्वारा एकत्रित तलछटों से निर्मित समतल मैदानी भू भाग है। प्रस्तावित स्थल के अन्तर्गत जल रिसाव व भूस्खलन नहीं पाया गया।

3. **लालपानी कक्ष संख्या 2 जंगलात रोड अमित ग्राम में एक नलकूप तथा एक 500 किलोलीटर क्षमता के ओबर हैड टैंक का निर्माण किये जाने हेतु प्रस्तावित स्थल –** प्रस्तावित भूमि ऋषिकेश–हरिद्वार बायपास मोटर मार्ग पर रेलवे स्टेशन से 4.8 कि0मी0 अमित ग्राम के निकट वन क्षेत्रान्तर्गत स्थित है। स्थल के उत्तर में आबादी क्षेत्र, दक्षिण में वन क्षेत्र, पूरब में वन क्षेत्र तथा पश्चिम में अमित ग्राम का आबादी क्षेत्र स्थित है। स्थल की भौगोलिक स्थिति 30^0 04′ 51.4″ अक्षांश व 78^0 15′ 05.6″ देशान्तर है। स्थल मैदानी क्षेत्रान्तर्गत समतल भूभाग है, जहां पर स्वस्थाने चट्टानों का अभाव है। संदर्भित स्थल गंगा नदी द्वारा एकत्रित तलछटों से निर्मित मैदानी भाग है। प्रस्तावित स्थल में जल रिसाव व भूस्खलन नहीं पाया गया।
4. **लालपानी कक्ष संख्या 2 शहीद स्मारक के पास अमित ग्राम में एक नलकूप का निर्माण किये जाने हेतु प्रस्तावित स्थल –** प्रस्तावित स्थल उपरोक्त कम संख्या–3 पर वर्णित स्थल से लगभग 325 मीटर दक्षिणवत् ऋषिकेश–हरिद्वार बायपास से लगा हुआ है। स्थल के उत्तर व पूरब दिशा में वन क्षेत्र, पश्चिम में अमित ग्राम का आबादी क्षेत्र तथा दक्षिण में ऋषिकेश–हरिद्वार बायपास रोड़ स्थित है। स्थल की भौगोलिक स्थिति 30^0 04′ 42.6″ अक्षांश व 78^0 15′ 09.2″ देशान्तर है। स्थल मैदानी क्षेत्रान्तर्गत समतल भूभाग है, जहां पर स्वस्थाने चट्टानों का अभाव है। संदर्भित स्थल गंगा नदी द्वारा एकत्रित तलछटों से निर्मित मैदानी भाग है। प्रस्तावित स्थल में जल रिसाव व भूस्खलन नहीं पाया गया।
5. **लालपानी कक्ष संख्या 2 गीतानगर गली नं0 10 के पास एक नलकूप व एक 1000 किलोलीटर का ओबर हैड जलाशय, गीतानगर गली नं0 14 के पास एक नलकूप, गीतानगर गली नं0 15 के पास एक नलकूप तथा गीतानगर गली नं0 4 के पास एक नलकूप व एक 400 किलोलीटर क्षमता के भूमि सतह पर जलाशय निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल–** उक्त सम्पूर्ण निर्माण कार्य किये जाने हेतु प्रस्तावित स्थल एक भूभाग के रूप में हैं। प्रस्तावित स्थल ऋषिकेश–हरिद्वार बायपास पर ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से लगभग 03 कि0मी0 दूरी पर मोटर मार्ग के दहिने भाग पर स्थित है। स्थल के उत्तर, पूरब व पश्चिम दिशा में वन क्षेत्र, तथा दक्षिण में 20 मी0 दूरी पर ऋषिकेश–हरिद्वार बायपास रोड़ तथा लगभग 100 मीटर दूरी पर रेलवे लाईन स्थित है। स्थल की भौगोलिक स्थिति 30^0 05′ 17.5″ अक्षांश व 78^0 15′ 57.0″ देशान्तर है। स्थल मैदानी क्षेत्रान्तर्गत समतल भूभाग है, जहां पर स्वस्थाने चट्टानों का अभाव है। संदर्भित स्थल गंगा नदी द्वारा एकत्रित तलछटों से निर्मित मैदानी भाग है। प्रस्तावित स्थल में जल रिसाव व भूस्खलन नहीं पाया गया।

उपरोक्त वर्णित निर्माण किये जाने वाली संरचनाओं हेतु प्रस्तावित स्थल गंगा नदी द्वारा एकत्रित किये गये मैदानी भूभाग क्षेत्रान्तर्गत स्थित हैं, जहां स्वस्थानें चट्टानों का अभाव है। सम्पूर्ण वर्णित क्षेत्र में भूरे रंग की मृदा का मोटा आवरण है। क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान वर्णित क्षेत्रान्तर्गत भूधसांव तथा जलरिसाव नहीं पाया गया।

ऋषिकेश देहात पेयजल योजना हेतु प्रस्तावित उपरोक्त वर्णित नलकूप, भूमि सतह पर जलाशय व ओवर हैड टैंक के निर्माण कार्य किये जाने से पूर्व व निर्माण कार्य के दौरान निम्नलिखित सुरक्षात्मक सुझाव एवं शर्तों का अनुपालन किया जाना आवश्यक होगा :–

1. स्थल की भारग्राह्य क्षमता का आंकलन किया जाय।
2. भारग्राह्य क्षमता के अनुरूप संरचनाओं का आकार एवं डिजाईनिंग का निर्धारण किया जाय।
3. संरचनाओं की डिजाईनिंग में भूकम्परोधी अभियांत्रिकी मानको का समावेश किया जाय।
4. निर्माण कार्य भूकम्परोधी अभियांत्रिकी तकनीक के अनुसार किया जाय।
5. स्थल के नीचे विभिन्न आकार के पेबल्स व बोल्डर्स की सम्भावना के कारण निर्माण के पश्चात संरचना के भार (अधिकतम भार) से असमान सेटलमेंट की सम्भावना को नकारा नहीं जा सकता है, अतः डिजाईनिंग व निर्माण कार्य में उक्त अधिकतम भार का संज्ञान लिया जाना होगा।
6. प्रस्तावित निर्माण परिसर में पक्की नालियों का निर्माण किया जाय व एकत्रित जल का सुरक्षित निस्तारण किया जाय।

उपरोक्त सुरक्षात्मक सुझाव एवं शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने की दशा में सन्दर्भित स्थल ऋषिकेश देहात के अन्तर्गत पेयजल योजना के अन्तर्गत उपरोक्त वर्णित संरचनाओं के निर्माण हेतु भूगर्भीय दृष्टिकोण से उपयुक्त प्रतीत होता है।

भवदीय

23/01/19

(डॉ. दीपक हटवाल)
उपनिदेशक / भूवैज्ञानिक।

संख्या /भू.नि.आ. / देहरादून / 2018–19, तद्दिनांकित्।

प्रतिलिपि : निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

(डॉ. दीपक हटवाल)
उपनिदेशक / भूवैज्ञानिक।